दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो.7014373732

वर्षः 01 | अंक : 167 | जयपुर | 26 जनवरी 2023 | गुरुवार | मूल्यः रु. 5 | पृष्ठ : 04



## गणतंत्र दिवस समारोहः इजिप्ट के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सिसी मुख्य अतिथि

नई दिल्ली. इस साल नई दिल्ली के राजपथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं इजिप्ट, यानी मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सिसी।



आजादी के बाद का इतिहास देखें तो ये पहली बार होगा जब इजिप्ट का कोई लीडर रिपब्लिड डे सेरेमनी में चीफ गेस्ट बन रहा है। अरब देशों में उसकी आबादी सबसे ज्यादा (करीब 10.93 करोड़) है। इस्लामिक देशों के संगठन में इजिप्ट आतंकवाद और कट्टरता के खिलाफ सबसे बड़ी आवाज है। भारत और इजिप्ट के बीच डिप्लोमैटिक रिलेशन एस्टेबिलिश हुए भी 75 साल हो चुके हैं। अरब देशों में भारतीयों की बहुत बड़ी तादाद है। यहां इंडियन डायस्पोरा न सिर्फ मजबूत है, बल्कि उसका काफी सम्मान भी है। सऊदी अरब और यूएई के बाद अब भारत पूरे अरब वर्ल्ड में साख बनाना चाहता है।

## न्यूजीलैंड के नए प्रधानमंत्री बने क्रिस हिपकिंस

वेलिंगटन. क्रिस हिपकिंस न्यूजीलैंड के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। गवर्नर जनरल सिंडी किरो ने आज राजधानी वेलिंगटन में आयोजित एक ऑफिशियल सेरेमनी में उन्हें शपथ दिलाई।



क्रिस को लेबर कॉकस का औपचारिक रूप से समर्थन मिला। जिसके बाद अब वो प्रधानमंत्री होने के साथ लेबर पार्टी के लीडर भी बन गए हैं। वो नए प्रधानमंत्री की रेस में एकमात्र कैंडिडेट थे, जिसके बाद ये फैसला लिया गया। इस दौरान क्रिस ने कहा ये बहुत मेरे लिए बड़ी जिम्मेदारी है। मैं आगे आने वाले चैलेंजेस और जिम्मेदारियां उठाने के लिए तैयार हूं। न्यूजीलैंड में लेबर पार्टी 2017 से सत्ता में है, ऐसे में एंटी इनकंबेंसी काफी ज्यादा है। बीबीसी के मुताबिक न्यूजीलैंड फिलहाल महंगाई और सामाजिक समानता से जूझ रहा है। जिसके चलते वहां लेबर पार्टी की लोकप्रियता में काफी कमी आई है। क्रिस के सामने यही सभी बड़ी चुनौती होगी।

## उप निदेशक अजयसिंह शेखावत के चार ठिकानों पर एसीबी की सर्च

जयपुर. एसीबी मुख्यालय की ओर से उप निदेशक कृषि उद्यान विभाग अजयसिंह शेखावत के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज कर किया गया। मामला दर्ज होने पर एसीबी की टीमें शेखावत के चार ठिकानों पर सर्च कर रही हैं। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की इंटेलिजेंस इकाई ने शिकायत मिलने पर शेखावत के जयपुर,चित्तौड़गढ़,डूंगरपुर कार्यालय में स्थित चार ठिकानों पर सर्च कर रही हैं। ब्यूरो मुख्यालय की ओर से अजय सिंह शेखावत उप निदेशक कृषि



उद्यान विभाग, डूंगरपुर के खिलाफ शिकायत का सत्यापन किया गया। जिस में आय से अधिक परिसम्पत्तियां अर्जित करने का मामला सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया गया। एडिशनल एसपी आहद खान के नेतृत्व में ब्यूरो की टीमें जयपुर, चित्तौड़गढ़ एवं डूंगरपुर तथा इन्टेलिजेंस यूनिट के सहयोग से विभिन्न टीमों का गठन किया गया। आज सुबह से ही शेखावत के 4 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की गई। अब तक मिले दस्तावेजों के अनुसार अजय सिंह शेखावत उप निदेशक कृषि उद्यान विभाग, डूंगरपुर एवं उनकी पत्नी किशन कंवर द्वारा अनेक परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान हैं। जो उनकी वैध आय से अधिक है। आरोपी उपनिदेशक द्वारा अपनी अवैध आय को जयपुर, चित्तौड़गढ़ में आवासीय, व्यावसायिक, भूखण्डों, फ्लैटों एवं म्यूचल फण्ड इन्श्योरेन्स आदि में निवेश करना सामने आया हैं।

एसीबी के एडीजी दिनेश एम.एन. के निर्देशन में ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर सर्च जारी है। जिसमें और अधिक परिसम्पत्तियों का पता चलने की संभावना है। आरोपी के विरूद्ध आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का प्रकरण पीसी एक्ट में दर्ज गया हैं। आरोपी के ठिकानों पर कई दस्तावेज मिले हैं जिनकी जांच की जा रही हैं।

# पुलिस थाना विधाधर नगर की कार्यवाही, लगभग आठ लाख रू0 से ज्यादा की कीमत के 55 से अधिक एंड्रायड मोबाइल बरामद कर असल मोबाइल मालिकों को किये गये सुपुर्द

### पुलिस थाना विधाधर नगर जयपुर द्वारा अभियान चलाकर एक माह में मोबाइल किये गये बरामद

**मरूधर विशेष/महावीर सिंह चौहान**

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री परिस देशमुख ने बताया कि पुलिस थाना विधाधर नगर जयपुर उत्तर पर आमजन द्वारा दर्ज करवाई गई मोबाइल गुमशुदगी रिपोर्टस में गुम हुये मोबाइलों की ट्रेसिंग कर संबंधित मोबाइल मालिकों को लौटाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया था। उक्त अभियान के तहत अति० पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर (द्वितिय ) श्री धर्मेन्द्र सागर के निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता के सुपरविजन में वीरेन्द्र कुरील थानाधिकारी पुलिस थाना विधाधर नगर के नेतृत्व में नरपाल एचसी दीपक कुमार कानि0 , दिनेश कुमार कानि0 एवं नन्छूराम कानि0 तकनीकी सहायक कार्यालय पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर की एक टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा वर्ष 2022 एवं इससे पूर्व के वर्षो के गुम हुये मोबाइलों की सूची तैयार कर तकनीकी आधार एवं सभी दूरसंचार प्रदात्ता कंपनियो से समन्वय कर जयपुर एवं सम्पूर्ण राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर चल रहे 55 से अधिक मोबाइलों को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। बरामदशुदा मोबाइलों की वर्तमान बाजार कीमत आठ लाख रुपए से भी अधिक है।मोबाइल धारकों द्वारा स्वयं के









मोबाइल सही सलामत एवं चालू हालत में प्राप्त करने पर पुलिस द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा की है।

### गठित टीम

- श्री नरपाल एचसी श्री दीपक कुमार कानि0 , श्री दिनेश कुमार कानि0 एवं श्री नन्छूराम कानि0 तकनीकी सहायक कार्यालय पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर



### मुख्य भूमिका

-

उक्त मोबाइलों को बरामद कर संबंधित मोबाइल धारकों को लौटाने में पुलिस थाना विधाधर नगर जयपुर उत्तर पर पदस्थापित दीपक कुमार की सराहनीय भूमिका रही है।

# भारत विश्व मंच पर आत्मविश्वास से भरा देश बना:द्रौपदी मुर्मु

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्र के नाम संदेश

नई दिल्ली. गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर, देश और विदेश में रहने वाले आप सभी भारत के लोगों को, मैं हार्दिक बधाई देती हूं। जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तब एक राष्ट्र के रूप में हमने मिल-जुलकर जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उनका हम उत्सव मनाते हैं। हम सब एक ही हैं, और हम सभी भारतीय हैं। इतने सारे पंथों और इतनी सारी भाषाओं ने हमें विभाजित नहीं किया है बल्कि हमें जोड़ा है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में सफल हुए हैं। यही भारत का सार-तत्व है। भारत एक गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व-मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र



का स्थान ले चुका है। संविधान-निमार्ताओं की सामूहिक बुद्धिमत्ता से मिले मार्गदर्शन के बिना यह प्रगति संभव नहीं थी। पिछले साल भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। यह उपलब्धि, आर्थिक अनिश्चितता से भरी वैश्विक पृष्ठभूमि में प्राप्त की गई है। सक्षम नेतृत्व और प्रभावी संघर्षशीलता के बल पर हम शीघ्र ही मंदी से बाहर आ गए, और अपनी विकास यात्रा को फिर से शुरू किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षार्थियों को इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करते हुए हमारी सभ्यता पर आधारित ज्ञान को समकालीन जीवन के लिए प्रासंगिक बनाती है। हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों पर गर्व का अनुभव कर सकते हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भारत गिने-चुने अग्रणी देशों में से एक रहा है। महिला सशक्तीकरण तथा महिला और पुरुष के बीच समानता अब केवल नारे नहीं रह गए हैं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि महिलाएं ही आने वाले कल के भारत को स्वरूप देने के लिए अधिकतम योगदान देंगी। सशक्तीकरण की यही दृष्टि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों सहित, कमजोर वर्गों के लोगों के लिए सरकार की कार्य-प्रणाली का मार्गदर्शन करती है। वास्तव में हमारा उद्देश्य न केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के जीवन की बाधाओं को दूर करना और उनके विकास में मदद करना है, बल्कि उन समुदायों से सीखना भी है। जनजातीय समुदाय के लोग, पर्यावरण की रक्षा से लेकर समाज को और अधिक एकजुट बनाने तक, कई क्षेत्रों में सीख दे सकते हैं। मैं किसानों, मजदूरों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की भूमिकाओं की सराहना करती हूं जिनकी सामूहिक शक्ति हमारे देश को ₹जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान₹ की भावना के अनुरूप आगे बढ़ने में सक्षम बनाती है। मैं देश की प्रगति में योगदान देने वाले प्रत्येक नागरिक की सराहना करती हूं।

### तिरंगे के रंगों से सजेंगी चौपाटियां, लाइव बैंड पर बजेंगे देशभक्ति के तराने

# चौपाटियों पर खास अंदाज में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

जयपुर। आवासन मंडल द्वारा विकसित और जयपुर की पहचान बन चुकी चौपाटियों पर 74 वां गणतंत्र दिवस एक खास अंदाज मनाया जाएगा। इस अवसर पर मानसरोवर एवं प्रताप नगर में स्थित जयपुर चौपाटियों पर दिन भर देशभक्ति के तराने चलाए जाएंगे। साथ ही दोनों चौपाटियों को ट्राई कलर में आकर्षक लाइटिंग एवं विशेष सजावट भी की जाएगी। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर दोनों चौपाटियों पर लाइव म्यूजिक बैंड के माध्यम से देशभक्ति गानों की प्रस्तुतियां होंगी। दोनों ही चौपाटियों पर म्यूजिक बैंड की प्रस्तुतियां दो पारियों में दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक होगी। आगंतुक यहां लजीज व्यंजनों के साथ देशभक्ति गानों का आनंद भी ले सकेंगे। आयुक्त ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित लोगों की फरमाइश पर लाइव म्यूजिक बैंड द्वारा देशभक्ति गानों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले लोग गणतंत्र दिवस की भावना के साथ एक अलग और यादगार अंदाज में सेलिब्रेट करें, मंडल की यही कोशिश




रहेगी। गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोडा की पहल पर विकसित इन दोनों चौपाटियों ने पिछले कुछ समय में जयपुरवासियों के साथ ही पर्यटकों के दिल में भी अपनी अलग पहचान कायम की है। आमजन के साथ सेलेब्रिटीज को भी चौपाटियां रास आने लगी हैं।

### मतदाता जागरूकता शपथ

राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा के नेतृत्व में बुधवार को मंडल मुख्यालय पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ने मतदाता जागरूकता शपथ ली। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर दोपहर 3 बजे मुख्यालय स्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण परिसर में इकट्ठे होकर मतदाता जागरूकता की शपथ ली। अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ‖‖मतदान जैसा कुछ नहीं, मतदान जरूर करेंगे हम‖‖ रखी गई है। हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि लोगों को मतदान का महत्व बताएं तथा मतदान के लिए प्रेरित भी करें। मतदाता जागरूकता शपथ के दौरान सचिव अल्पा चौधरी, मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, मुख्य अभियंता द्वितीय जीएस बाघेला, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## पेपर लीक मास्टरमाइंड का घर तोड़ने में लगे 19 लाख रुपए

जयपुर. सारण के अलावा जेडीए ने जिस बिल्डिंग में अधिगम कोचिंग सेंटर चल रहा था, उस भवन के मालिक अनिल अग्रवाल को भी नोटिस भेजा है। दोनों को करीब 28 लाख रुपए का बिल थमाया गया है, जिसमें से अग्रवाल ने 9.24 लाख रुपए की राशि जेडीए में जमा करवा दी। सारण को मकान तोड़ने पर हुए खर्च की राशि देने के लिए कहा है। खर्च की राशि 7 दिन में जमा करवानी होगी। पैसा जमा नहीं करवाने पर जेडीए ने कानूनी कर्रवाई की चेतावनी दी है।



जेडीए के मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक रघुवीर सैनी ने बताया जेडीए एक्ट में प्रावधान है कि अगर कोई अवैध निर्माण जेडीए की ओर से हटाया जाता है तो उसे हटाने पर खर्च होने वाली राशि अवैध निर्माणकर्ता से वसूली जाए। इसी के तहत ये नोटिस जारी किए गए है। बता दें कि 9 जनवरी को जेडीए ने पेपर लीक के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण, सुरेश ढाका के कोचिंग इंस्टीट्यूट अधिगम पर कार्रवाई की थी। जिस बिल्डिंग में कोचिंग संचालित थी, उसे गिरा दिया था। ये बिल्डिंग बिना जेडीए की अनुमति के आवासीय भूखंड पर बनी थी। इसके बाद जेडीए ने 13 जनवरी भूपेन्द्र सारण के अजमेर रोड रजनी विहार स्थित मकान को तोड़ने की कार्रवाई की थी। जेडीए की ओर से जो नोटिस जारी किया है। उसमें अजमेर रोड रजनी विहार स्थित घर का अवैध हिस्सा तोड़ा.गया। उसका मलबा हटवाया गया। इसके तहत तीन दिन चली कार्रवाई के दौरान तमाम लेबर, मशीनरी और जाब्ते में तैनात हुए तमाम अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतनमान को जोड़कर 19 लाख 11 हजार 355 रुपए का खर्चा आया। इस राशि को जमा करवाने के लिए अब जेडीए ने भूपेन्द्र सारण और उसके भाई गोपाल सारण के नाम नोटिस जारी किया है। इधर, गुर्जर की थड़ी पर अधिगम कोचिंग की बिल्डिंग पर भी बुलडोजर चला था। उस पर हुए खर्च का पैसा वसूलने के लिए जेडीए ने बिल्डिंग मालिक को अनिल अग्रवाल को नोटिस थमाया है। इस बिल्डिंग को गिराने और यहां से मलबा हटाने पर जेडीए का करीब 9 लाख 23 हजार 905 रुपए का खर्चा आया है। इसका बिल बनाकर जेडीए ने अग्रवाल को भिजवाया था, जिसे अग्रवाल ने जमा करवा दिया।

## सम्पादकीय

### बांटो और राज करो की नीति पर चलने वाले ब्रिटेन ने इस बार डॉक्यूमेंट्री बना कर हमें बाँट दिया

देश में जब लोकसभा चुनावों में एक साल से भी कम समय बचा है और भाजपा विरोधी दलों के पास जब मोदी के वैश्विक कद जैसा कोई बड़ा नेता नहीं है तो मोदी की छवि को नुकसान पहुँचाने का अभियान छेड़ दिया गया है।गुजरात दंगों के इतिहास को अपने मन मुताबिक कुरेदते हुए बीबीसी ने जो डॉक्यूमेंट्री बनाई है वह असल में भारतीयों को वैचारिक आधार पर बाँटने की एक बड़ी साजिश है और इस साजिश के पीछे हैं ब्रिटेन के पूर्व विदेश मंत्री जैक स्ट्रॉ। उन्हें विभाजनकारी मानसिकता वाला और दूसरे देशों के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप करने वाला नेता माना जाता है। बीबीसी ने गुजरात दंगों को लेकर जो डॉक्यूमेंट्री बनाई है उसके पीछे जैक स्ट्रॉ का ही दिमाग है। भारत के प्रति पूर्वाग्रह रखने वाले जैक स्ट्रॉ के इशारे पर बनी डॉक्यूमेंट्री में गुजरात में मुसलमानों की मौतों का तो जिक्र है लेकिन उन 59 कारसेवकों के बारे में कुछ नहीं कहा गया है जिन्हें गोधरा में ट्रेन में जिंदा जला दिया गया था। सवाल यह भी उठता है कि 2002 के दौरान ब्रिटेन के विदेश मंत्री रहे जैक स्ट्रॉ के पास अगर वास्तव में दंगों से जुड़ी कोई गोपनीय जानकारी थी तो उन्होंने इसे बीबीसी को सौंप कर क्या ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन नहीं किया? सवाल यह भी उठता है कि ब्लैकबर्न क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे जैक स्ट्रॉ ने क्या अपने क्षेत्र के मुस्लिमों को खुश करने के लिए इस डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करवाया है ? 2021 की जनगणना दशार्ती है कि ब्लैकबर्न क्षेत्र में मुस्लिम आबादी का प्रतिशत 35 और ईसाई आबादी का प्रतिशत 38 है। यानि मुस्लिम आबादी निर्णायक भूमिका में है।

जैक स्ट्रॉ के बारे में तमाम तरह की कहानियां प्रचलित होने के बावजूद सवाल उठता है कि भारत से नफरत करने वाले इस व्यक्ति की दिमागी चाल को हिंदुस्तान में सफल बनाने के लिए यहां के कुछ लोग क्यों आमादा हैं ? गुजरात दंगों पर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कई जाँचें हुईं, तत्कालीन यूपीए सरकार जिसका नेतृत्व कांग्रेस कर रही थी, उसने भी तमाम एसआईटी का गठन कर दंगों के विभिन्न मामलों की जांच कराई। नरेंद्र मोदी से घंटों तक पूछताछ हुई। लेकिन जितने भी जांच आयोग या एसआईटी थे सभी ने सभी मामलों में नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट दी। यही नहीं गुजरात की जनता ने हर विधानसभा चुनावों में और जबसे मोदी लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं तब से दोनों आम चुनाव में जनता ने मोदी को विभिन्न आरोपों से क्लीन चिट दी। लेकिन हिंदुस्तानी क्लीन चिटों पर भरोसा नहीं करने वाले लोग विदेशी चार्जशीटों पर यकीन कर रहे हैं। आज जो लोग घूम-घूम कर गुजरात दंगों पर असत्य से भरी बीबीसी डॉक्यूमेंट्री दिखा रहे हैं क्या वह बंगाल और केरल की राजनीतिक हिंसा, 1984 के सिख विरोधी दंगों की सत्य कथा और कश्मीर में पंडितों के नरसंहार पर आधारित द कश्मीर फाइल्स भी देखने और दिखाने का साहस रखते हैं ?

देश में जब लोकसभा चुनावों में एक साल से भी कम समय बचा है और भाजपा विरोधी दलों के पास जब मोदी के वैश्विक कद जैसा कोई बड़ा नेता नहीं है तो मोदी की छवि को नुकसान पहुँचाने का अभियान छेड़ दिया गया है।

# चिंतन और मंथन का दिन है संविधान दिवस



देश आज 74वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। देश ने 26 जनवरी 1950 को एक संविधान को अपनाया, जिसके तहत भारत को एक लोकतांत्रिक, संप्रभु और गणतंत्र देश घोषित किया गया। 26 जनवरी 1950 को सुबह 10.18 बजे भारत एक गणतंत्र बना। इस के छह मिनट बाद 10.24 बजे डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भारत के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। हर साल की भांति इस बार भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राजपथ पर कुछ खास कार्यक्रम देखने को मिलेंगे। दिल्ली के राजपथ पर देश की सांस्कृतिक विविधता में एकता, अखंडता और सैन्य ताकत की झलक दिखाई देगी। भारतीय गणतंत्र को स्थापित हुए 73 साल पूरे हो गए। हम गणतंत्र की 74 वीं सालगिरह मना रहे हैं। गणतंत्र का अर्थ है हमारा संविधान - हमारी सरकार- हमारे कर्त्व्य - हमारा अधिकार। इस व्यवस्था को हम सभी गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ और 26 जनवरी 1950 को भारत एक सम्प्रभु लोकतान्त्रिक गणराज्य घोषित हुआ। गणतंत्र दिवस भारत का राष्ट्रीय पर्व है। यह दिवस भारत के गणतंत्र बनने की खुशी में मनाया जाता है। इसे सभी जाति एवं वर्ग के लोग एक साथ मिलकर मनाते हैं। हमारे देश के पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने 26 जनवरी 1950 को 21 तोपों की सलामी के साथ ध्वजारोहण कर भारत को गणतांत्रिक देश घोषित किया था। इसे पहली बार 26 जनवरी 1950 को मनाया गया था। इसके बाद से हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। देश के राष्ट्रपति लालकिले पर आयोजित देश के मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। इसी दिन स्वतंत्र भारत का नया संविधान लागू हुआ था। गणतंत्र दिवस के दिन हमें अपने संविधान पर सार्थक चर्चा और मंथन करने की महती जरुरत है। मौजूदा समय में संविधान के बहुतेरे प्रावधानों की लोग अपने अपने हिसाब से व्याख्या करने में जुटे है। भारत का संविधान इस समय अग्नि परीक्षा से गुजर रहा है। हमारा संविधान बताता है कि देश के प्रत्येक नागरिक का यह मूल कर्तव्य होगा कि वह संविधान का अनुपालन करे और उसके द्वारा स्थापित संस्थाओं एवं आदर्शों का सम्मान करे। गणतंत्र दिवस के पावन दिवस पर हमें खुले दिल से इन सब बातों पर गहनता से मंथन करना चाहिए तभी इसकी सार्थकता सिद्ध होगी। भारत का संविधान विश्व में सबसे बड़ा संविधान है। इस संविधान के जरिये नागरिकों को प्रजातान्त्रिक अधिकार सौंपे गए। संविधान देश में विधायिका ,कार्यपालिका और न्यायपालिका की व्यवस्था तथा उनके अधिकारों और दायित्वों को सुनिश्चित करता है। सविँधान के जरिये हमने अपने लोकतान्त्रिक अधिकार हासिल किये ,अथार्त समस्त अधिकार जनता में निहित हुए ,इसी दिन हमें अपने मौलिक अधिकार प्राप्त हुए और एक नए लोकतान्त्रिक देश का निर्माण हुआ। भारतीय संविधान का निर्माण एक संविधान सभा द्वारा किया गया। संविधान सभा में 296 सदस्य थे। जिन्होंने एक महीने 18 दिन काम कर संविधान को तैयार किया। हालाँकि इस अवधि में काम केवल 166 घंटे ही हुआ और हमारा संविधान बनकर तैयार हो गया। 26 जनवरी 1950 को हमारे संविधान को लागू किये जाने के कारण हर वर्ष 26 जनवरी को हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते है। गणतंत्र दिवस हमारी राष्ट्रीय एकता एवं भावना को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के लिए देशवाशियों को प्रेरित करता है। यह पर्व हमारे शहीदों की अमर गाथाओं से हमें गौरवान्वित करता है और प्रेरणा देता है कि अपने देश के गौरव को बनाए रखने के लिए हम संकल्पित है तथा हर पल तेजी से प्रगति और विकास की ओर बढ़ रहे है। हमारा गणतंत्र अनेक विकट समस्याओं के चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। गणतंत्र को जनसंख्यां विस्फोट, गरीबी, बेकारी, भ्रष्टाचार, असहिष्णुता अत्याचार, कुरीतियों और बेकारी जैसी समस्याओं के चक्रव्यूह से निकालने के लिए हमें अपनी सम्पूर्ण ताकत से प्रयास करना होगा। इसके लिए जरूरी है की हम मिलजुलकर इन चुनौतियों का सामना करें और आदर्श समाज की स्थापना में तन मन और धन से जुटें। गणतंत्र की सार्थकता तभी होगी जब हरेक व्यक्ति को काम व भरपेट भोजन मिले। गणतंत्र की सफलता हमारी एकजुटता और स्वतंत्रता सेनानियों की भावना के अनुरूप देश के नव निर्माण में निहित है।

# सबकी जिम्मेदारी है संविधान का आदर करना



प्रजातंत्र में समाज और जीवन के हर पहलू में गण और तंत्र दोनों ही एक-दूसरे के लिए हैं। गण को तंत्र के प्रति श्रद्धावान, वफादार और विश्वासु होना चाहिए। इसी प्रकार तंत्र को भी गण के प्रति जवाबदेह एवं संवेदशील होना चाहिए। दोनों के मध्य आपसी भरोसे और पारस्परिक सहयोग भावना जितनी अधिक प्रगाढ़ होगी उतना ही गणतंत्र का उल्लास प्रतिभासित होता रहेगा। विश्वास की यह डोर ही ऐसी है कि जिसके सहारे गण और तंत्र दोनों की उपादेयता, अस्तित्व और निरन्तरता टिकी रहती है।

गण और तंत्र दोनों जब मिलकर एक-दूसरे की उन्नति के लिए पूरी पारदर्शिता और कल्याणकारी भावनाओं से काम करते हैं तभी गणतंत्र आशातीत सफलता हासिल कर सकता है। इसके लिए यह जरूरी है कि गण अपने कर्तव्यों, अधिकारों और मयार्दाओं को समझे, उनका पूरा-पूरा पालन करे।

तंत्र की भी जिम्मेदारी है कि वह गण के प्रति हर तरह से जवाबदेह रहे, गण की जरूरतों की यथासमय पूर्ति करता रहे, गण के अभावों को दूर करे, समस्याओं से मुक्ति दिलाए और यह प्रयास करे कि प्रत्येक गण सुनहरा जीवन पाने के प्रयासों में सफल रहे, आनंद और सुकून के साथ इस प्रकार जीवन निर्वाह का सुख पाए कि उसे हमेशा हर क्षण यह भान रहे कि तंत्र के कारण उसके जीवन को सम्बल प्राप्त हो रहा है। उसका तंत्र के प्रति विश्वास निरन्तर बढ़ता रहे, तंत्र को श्रद्धा से देखे, तभी माना जा सकता है कि तंत्र अपने लिए नहीं बल्कि देश के गण के लिए है।

जो तंत्र गण द्वारा निर्मित है, गण के लिए बना है, उसका पहला और आरंभिक कर्तव्य यही है कि वह गण के लिए समर्पित होकर निष्ठा के साथ काम करे, गण की उन्नति के लिए सोचे और गण को गुणवान बनाए, इतनी अधिक नेतृत्व क्षमता और प्रतिभा का विकास करे कि गण गणेश की श्रेणी पा जाए, गणों में श्रेष्ठ हो जाए और तंत्र के लिए हर प्रकार से प्रेरक एवं सहयोगी सिद्ध हो सके।असली गणतंत्र का उल्लास वही है जिसमें गण और तंत्र दोनों प्रसन्न रहें और एक-दूसरे के बारे में किसी को कोई शिकायत न हो। न गण को तंत्र से कोई परेशानी हो, न तंत्र को गण के बारे में नकारात्मक सोचने का कोई मौका मिले। गण और तंत्र के बीच के रिश्तों पर ही टिका है हमारा यह गणतंत्र।

जहाँ कहीं यह पारस्परिक संतुलन गड़बड़ाने लगता है वहाँ गणतंत्र हिलता-डुलता हुआ नजर आता है। जहाँ संतुलन बना रहता है वहाँ सब कुछ ठीक ठाक रहता है।

गणतंत्र के नाम पर कितना ही बाहरी दिखावा हम कर लें, ऊपर से भागीदारी रचा लें, एक दिन खुश हो लें और गणतंत्र के नाम पर उल्लास मना लें। इसका कोई मतलब नहीं है यदि साल भर हमारे भीतर गणतंत्रोल्लास न रह पाए।

दुर्भाग्य से गण और तंत्र के बीच कहीं न कहीं कुछ दूरियाँ बढ़ती जा रही हैं। तंत्र अपने आपको अधिक से अधिक अधिकार सम्पन्न बनाए रखना चाहता है, हमेशा अपने अधिकारों की ही चिन्ता करता है और यह चाहता है कि तंत्र से जुड़े हुए तमाम अधीश्वरों का संप्रभुत्व हमेशा कायम रहे। तंत्र का अपना बुना हुआ ताना-बाना हमेशा बना रहे चाहे इसके लिए किसी भी प्रकार की कूटनीति और षड़यंत्रों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़े।हर तांत्रिक चाहता है कि उसका तंत्र पर दखल मरते दम तक बना रहे, तंत्र उसके लिए ही सारे इंतजाम करता रहे और तंत्र से उसका अलगाव कभी न हो पाए। ये सारे निरन्तर अधिकार सम्पन्नता की दौड़ में भागे जा रहे हैं। और उधर गण विचित्र किन्तु सत्य और अजीबोगरीब हालातों में जीने को विवश है। आजादी के बाद तंत्र के प्रति उसकी जो अगाध आस्था और विश्वास जगा था वह हिलने लगकर पेण्डुलम की तरह हो गया है। कभी गण अपने उद्धार के लिए तंत्र की ओर भागता है, आशाओं के विद्यमान होने तक तंत्र के इर्द-गिर्द चक्कर काटता रहता है, फिर निराश होकर अपने दूसरों गणों के खेमे में आ जाता है और राम भरोसे हो जाने का यथार्थ स्वीकार कर शांत होकर बैठ जाता है। तंत्र अपने मुखौटे लेकर गणों की ओर आता है फिर भी गणों पर कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाता। कारण स्पष्ट है कि तंत्र की नीति और नीयत में कहीं न कहीं कोई खोट है जो मलीनताओं से साक्षात कराती है। भारतवर्ष में अब गणतंत्र नए दौर में प्रवेश कर चुका है जहाँ गण का तंत्र के प्रति डोला हुआ विश्वास फिर पटरी पर आने लगा है और उधर तंत्र भी गण का ख्याल रखने के अपने विस्मृत दायित्व को फिर से याद कर चुका है। फिर भी अभी बहुत कुछ करना बाकी है। तंत्र किसी मशीन की तरह चलते चले जाने वाला है, उस पर संवेदनाओं का कोई फर्क भले न पड़े, गण इस मामले में अत्यन्त भावुक और संवेदनशील है उसका विश्वास जीतने के लिए तंत्र को अभी बहुत कुछ करना होगा। तंत्र को मशीनी भावों को छोड़कर संवेदनाओं में जीने की आदत डालनी होगी और तभी तंत्र के प्रति गण का विश्वास कायम हो सकता है। गण संवेदनशील है और चाहता है कि उसके द्वारा सृजित तंत्र उसकी रचनात्मकता, जीवन निर्वाह और विकास की सारी परंपराओं को संबल प्रदान करे, उसके सुनहरे भविष्य के प्रति जवाबदेह रहे, पूरी पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे। तंत्र को भी चाहिए कि वह ऐसे गण का नियंता होने का गौरव प्राप्त करे जो कि विकसित और निरन्तर उन्नतिशील है न कि वह गण-गण को अभावों-समस्याओं और विषमताओं में धकेलने वाला सिद्ध हो। लगता है कि तंत्र की मशीन अब पुरानी बहुत पुरानी हो चली है, उसके कई सारे पुराने और घटिया कलपुर्जे घिस गए हैं, इन्हें बदलने की आवश्यकता है। जंग लगने के साथ ही कुछ पुर्जे और नट-बोल्ड अवधिपार हो चुके हैं, इतने घिस चुके हैं कि इन्हें बदला नहीं गया तो तंत्र मरियल सी आवाज में चूँ-चूँ बोलने लग जाने वाला है। और इन तमाम हालातों में बदलाव लाने का साहस कोई कर नहीं पा रहा है इसलिए तंत्र गण का अपेक्षित विश्वास अर्जित नहीं कर पा रहा है। इस विश्वास को लौटाने के लिए जरूरी है कि गणतंत्र का महत्व हम समझें और इसे केवल एक दिन और चन्द घण्टों के पर्व तक सीमित नहीं रखकर साल भर कुछ ऐसा करें कि गण और तंत्र मिलकर एक-दूसरे के लिए काम आएं, एक-दूसरे के प्रति विश्वास पैदा करें। असली गणतंत्र का उल्लास तभी साल भर बना रह सकता है।

## कामां जिला नही बनने पर कोटपुतली विधायक की तरह मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने की बोले विधायक जाहिदा खान.....विजय मिश्रा

मरुधर विशेष आमिर खान कामा कामां कामां जिला बनाने के मुद्दे पर मेवात में महिलाओं द्वारा विधायक गुमशुदा वाले बैनर पोस्टर लेकर विरोध करने के बाद विधायक को क्षेत्र मे अपना राजनीतिक जनाधार खिसकता नजर आया है इसके बाद मजबूरी में विधायक ने बैकपुट पर आकर की कामां को जिला बनाने की मांग कामां जिला बनाओ संघर्ष समिति के सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता विजय मिश्रा ने कहा की क्षेत्र की जनता कामां को जिला बनाने की मांग को लेकर 73 दिन से लाल दरवाजा पर धरना दे रही थी लेकिन इतने दिनों में कभी भी जाहिदा खान ने सार्वजनिक रूप से न तो जनता द्वारा दिए जा रहे धरने का समर्थन किया और न ही मुख्यमंत्री से कामां को जिला बनाने की मांग की है क्षेत्र की विधायक यदि राजस्थान के अन्य विधायकों की तरह कामां को जिला बनाने की मांग करती तो आज क्षेत्र की जनता को धरना देने पर मजबूर नहीं होना पड़ता लेकिन जब मेवात क्षेत्र में महिलाओं द्वारा विधायक के गुमशुदा वाले बैनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया गया तो विधायक को क्षेत्र में अपना जनाधार खिसकता नजर आया तब विधायक जाहिदा खान को कामां जिला बनाने की याद आई यदि जाहिदा खान कामां को जिला बनवाना चाहती है तो कोटपूतली विधायक की तरह मजबूती से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कहे की यदि इस बजट में कामां को जिला नहीं बनाया गया तो मैं विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगी या फिर नीमकाथाना विधायक की तरह कामां को जिला बनाने के लिए संघर्ष समिति के आव्हान पर क्षेत्र की जनता के साथ जयपुर तक पैदल कूच में शामिल होना चाहिए यादि हमारी विधायक महोदय ये सब नहीं कर सकती है तो उन्हें बालोत्तरा विधायक का अनुसरण कराते हुए कामां जिला नही बनने तक नंगे पैर रहने का संकल्प लेना चाहिए।संघर्ष समिति द्वारा जिला बनाने की मांग को लेकर लाल दरवाजे पर धरना जारी रहा संघर्ष समिति ने 26 जनवरी को जयपुर कूच की सारी तैयारी पूरी कर ली है जिसको लेकर मेवात सहित पूरे क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और क्षेत्र से काफी संख्या में लोग जयपुर कूच करेंगे।




## तिजारा आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने किया धरना प्रदर्शन

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौसम खान के नेतृत्व में तिजारा कस्बे में बिजली की चल रही कटौती के विरोध में आज आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने तिजारा तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन क्या आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता मौसम खान ने बताया कि तिजारा कस्बे में करीब 2 माह से बिजली की कटौती चल रही है जिससे किसानों की फसल पर प्रभाव पड़ रहा है जिससे आमजन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम तिजारा एसडीएम महेंद्र यादव को विज्ञापन सौंपकर तिजारा कस्बे में बिजली की व्यवस्था सुधारने की मांग की है अन्यथा शीघ्र ही दोबारा आम आदमी पार्टी बिजली कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।



## बानसूर में प्राचीन बावड़ी पर चला पीला पंजा

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के हरसोरा थाना क्षेत्र के गांव जग्गू का बास स्टेण्ड पर स्थित प्राचीन बावड़ी के चारों ओर पानी भरने की बड़ी नालियों( खेल ) को ठेकेदार की जेसीबी मशीन के द्वारा तोड़ दिया गया। मुख्य सड़क से जग्गू का बास गांव तक सड़क निर्माण कार्य होना प्रस्तावित है जिसके चलते जेसीबी मशीन से प्राचीन बावड़ी के निचले हिस्से को क्षतिग्रस्त किया गया । तथा इस पर ग्रामीणों द्वारा विरोध कर जेसीबी को रोका गया।जब ठेकेदार से पूछा गया कि किसके कहने पर प्राचीन बावड़ी के निचले हिस्से को तोड़ा तो ठेकेदार ने कहा कि मुझे तो सरपंच ने कहा था लेकिन जब सरपंच से पूछा गया तो उसने मीडिया के सामने मना कर दिया। एक तरफ सरकार प्राचीन बावड़ीयों एवं स्मारकों का संरक्षण कर रही है तथा वहीं दूसरी तरफ स्थानीय कार्मिक इनको तोड़ने में लगे हुए हैं। सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक मनोहर लाल ने बताया कि यह बावड़ी बहुत पुरानी है तथा इसका क्षेत्र 6 बिस्वा तक है। और सभी गांव वाले चाहते है कि सरकार इसका परिसीमन व सीमांकन तथा पैमाईश कर संरक्षण प्रदान करें।



### मोईनुद्दीन चिश्ती के 811वें उर्स पर अजमेर स्थित ख्वाजा साहब के आस्ताने पर बुधवार को चादर पेश की गई

# मुख्यमंत्री की ओर से ख्वाजा गरीब नवाज के आस्ताने पर चादर पेश



जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के 811वें उर्स पर अजमेर स्थित ख्वाजा साहब के आस्ताने पर बुधवार को चादर पेश की गई। राजस्थान वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. खानू खान बुधवाली ने दरगाह में जियारत कर मुख्यमंत्री की ओर से चादर पेश की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इन्साफ एवं हाजी कय्यूम खान भी उपस्थित रहे। सैय्यद वाहिद अंगारा चिश्ती ने चादर पेश करवाई। श्री बुधवाली ने दरगाह में मुख्यमंत्री गहलोत का पैगाम पढ़ा। मुख्यमंत्री ने अपने पैगाम में कहा कि हिन्दुस्तान की सरजमीं को हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज जैसे ओलियाओं ने हमेशा खुदा खिदमत और रुहानी तालीमात से दुनिया को फैजयाब किया है। गरीब नवाज ने समाज के कमजोर, गरीब और बेसहारा लोगों की खिदमत करने, एक-दूसरे के साथ आपसी भाईचारा कायम रखने, मुल्क की बेहबूदी और परवर दिगार की इबादत करने पर जोर दिया। गहलोत ने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज जैसी अजीमुश्शान हस्ती के आस्ताने पर न सिर्फ हिन्दुस्तान बल्कि दुनिया के दीगर मुल्कों से जायरीन उर्स के मौके पर अकीदत के साथ अपनी मन्नत लेकर तशरीफ लाते हैं। मुझे उम्मीद है उर्स मुबारक के मौके पर आने वाले तमाम जायरीन गरीब नवाज की रूहानी तालीमात हासिल कर अमन, चैन, खुशहाली और भाईचारे का पैगाम दूर-दूर तक फैलाएंगे। मुख्यमंत्री ने उर्स मुबारक के मौके पर यहां तशरीफ लाने वाले तमाम जायरीन का इस्तकबाल करते हुए उर्स की कामयाबी के लिए दुआ की।

## उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी कस्बे में सरेआम की गई फायरिंग में गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.01.2023 को उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना अमेठी मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 22/23 धारा 147,148,323,504,307 भादवि थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त मनीष यादव पुत्र दयाराम यादव निवासी ग्राम मोहरिया मजरे बरियापुर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को रामलीला मैदान के पास से समय करीब 01.45 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## आज बांसवाड़ा में मंदारेश्वर महादेव मंदिर पर विप्र महाकुंभ

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ाः 26 जनवरी बसंत पंचमी को मंदारेश्वर महादेव में आयोजित होने वाले विप्र महाकुंभ के अंतर्गत विप्र यज्ञोपवीत एवं अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण परिचय सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विप्र महाकुंभ के संयोजक जयप्रकाश पंड्या, परिचय सम्मेलन के संयोजक दिनेश चंद्र भट्ट, यज्ञोपवीत के संयोजक राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, महाकुंभ के सह संयोजक ललित कुमार जोशी ,संरक्षक मंडल सदस्य बालकृष्ण त्रिवेदी, नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव, जिला महामंत्री ग्रामीण नवनीत त्रिवेदी, नगर उपाध्यक्ष मनोहर लाल जोशी, नगर उपाध्यक्ष जुगल किशोर जोशी, बांसवाड़ा तहसील अध्यक्ष सुभाष चंद्र पंड्या, कोषाध्यक्ष के के शुक्ला, पंजीयन सहयोगी प्रज्ञेश पंड्या, प्रदीप शर्मा आदि के द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला ने बताया की सामूहिक यज्ञोपवीत में कुल 30 बटुकों का यज्ञोपवीत होगा एवं 500 से अधिक आवेदकों द्वारा परिचय सम्मेलन मैं सहभागिता निभाई जाएगी। जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने जिले में निवासरत समस्त विप्र बंधुओं को विप्र महाकुंभ में आने के लिए निमंत्रण दिया है महिला प्रकोष्ठ द्वारा भी घर घर जाकर निमंत्रण पत्र वितरित कर न्यौता दिया । महा संपर्क अभियान के तहत आज विप्र पदाधिकारियों का दल आज घाटोल क्षेत्र में पड़ोली राठौर ,गनोड़ा, लोहारिया आदि क्षेत्रों में संपर्क किया व विप्र महाकुंभ में आने के लिए निमंत्रण दिया। घाटोल क्षेत्र में सुरेश जोशी, कन्हैया लाल जोशी, मणिलाल जी वैष्णव ,इकाई अध्यक्ष नरेंद्र मेहता, गनोड़ा से रुद्रेश्वर जी पंड्या, प्रवीण पंड्या लोहरिया से मुकेश दवे सहित अनेक विप्र उपस्थित थे।

## पिछड़ों एवं दलितों के मसीहा थे जननायक कपूरी ठाकुर - सुशील मौर्य

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



उत्तर प्रदेश रायबरेली - महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमन्त्री जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती पर लोगों ने उन्हें नमन किया। समाजवादी व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष सुशील मौर्या के नेतृत्व में कोड़रस ग्राम सभा में लोगों ने उन्हें फूल-मालाएँ चढ़ाकर याद किया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी भी हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अधिकारी सुन्दरलाल सविता एवं संचालन सुभाष सविता ने की। गोष्ठी को समबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सुशील मौर्या ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर का जन्म ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के पितौंझिया गांव में 24 जनवरी 1942 को हुआ था, जिसे अब कपूरीग्राम कहा जाता है। श्री मौर्या ने कहा कि कपूरी ठाकुर ने भारत छोड़ो आन्दोलन के समय 26 महीने जेल में बिताये थे। वे शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार प्रान्त के दूसरे उप मुख्यमन्त्री एवं दो बार बिहार के मुख्यमन्त्री रहे। वह बहुत ही उदार व सरस हृदय के नेता माने जाते थे। पिछड़ों की सेवा भाव ही उनके चरित्र में विद्यमान रहती थी, जिसके चलते समय में उन्हें जननायक के रूप में पहचान मिली। उन्होंने पिछड़ों की लड़ाई लड़ते हुए 27 फीसदी का आरक्षण दिलाने में अहम भूमिका निभाई, वह हमारे समाज के लिए किसी एक अभिन्न आदर्श से कम नहीं है। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहित पाल, जमुना स्वर्णकार, प्राची सविता, मनीषा सविता, गीता सविता, मंजू सविता, बबिता सविता, बिन्दु सविता, आंचल सविता, आशमा सविता, लकी सविता, उमादेवी सविता, आद्या मौर्या, पराग पाल, रज्जन पाल, सूरज गौड़, सरवन निर्मल, अशोक निर्मल, राम आसरे शर्मा, आशीष मिश्रा, भगवानदीन कोरी, सुभाष विश्वकर्मा, लालचन्द्र सविता, अंकुर सिंह, अशोक कुमार पाण्डेय, राजराम गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर द्वारा ओमप्रकाश भार्गव को किया गया सम्मानित

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - 18 वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में श्रेष्ठ कार्य करने पर जिला कलेक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा बानसूर के सहायक जिला कमिश्नर स्काउट व अलवर जिले के जिला दल सबकॉन्टिजेंट लीडर ओमप्रकाश भार्गव सहित अलवर जिले के संभागी यूनिट लीडर्स का सम्मान किया गया। इस दौरान भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि अलवर जिले से राष्ट्रीय जंबूरी में पहली बार 47 ट्रूप्स व कंपनियों के 485 स्काउट व गाइड्स ने भाग लेकर इतिहास बनाया है। अलवर स्काउट गाइड्स ने सभी गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राजस्थान राज्य को सम्पूर्ण भारतवर्ष में विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई है। स्काउट गाइड जिला मुख्यालय अलवर में आयोजित सम्मान समारोह में जिला कलेक्टर ने जंबूरी के संस्मरण सुनाते हुए स्काउटिंग को व्यक्तित्व विकास,परिवार ,समाज व राष्ट्र के लिए प्रमुख गतिविधि बताया।सम्मान समारोह में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पूनम गोयल,जिला शिक्षा अधिकारी नेकीराम,सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रमोद शर्मा व सी ओ कल्पना शर्मा ने स्काउट गाइड के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जंबूरी स्काउट गाइड दल द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।जिला दल सदस्य सुरेश कुमार,मनोज कौशिक व दिनेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। भार्गव ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर जिले के समस्त स्थानीय संघ के सचिव व यूनिट लीडर्स एवं संभागी रोवर्स रेंजर्स को धन्यवाद दिया।

## बाजरे से बने खाद्य सामग्री की देसी व विदेशीयों ने की तारीफ

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - कस्बे के युवा जागृति मिल्क एंड एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की महिलाओं द्वारा बाजरा से बनी खाद्य सामग्री की स्टाल दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में लगाई। भारत पर्यावास केंद्र नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में युवा जागृति मिल्क एंड एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड( एफपीओ )की महिलाओं द्वारा मोटे अनाज से बनी खाद्य सामग्री जैसे बिस्किट ,नमकीन, मुठिया, लड्डू आदि की स्टाल लगाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लोगों ने महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टॉल से सामान खरीदा तथा बाजरे से बनी खाद्य सामग्री की प्रशंसा में कहा कि मिलेट से बनी खाद्य सामग्री पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक है तथा इस दौरान महिलाओं से भी विचार साझा किये। ये महिलाएं ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। ये उत्पाद 6 महीने तक खराब नहीं होने वाले है। इन्हें लंबे समय तक खाने में प्रयोग किया जा सकता है। मोटा अनाज से बनी खाद्य सामग्री मनुष्य को अनेक गंभीर बीमारियों से बचाती है। आजकल डॉक्टर्स भी इन्हें अपने भोजन में शामिल करने की सलाह देते हैं तथा इन्हें सुपरफूड के नाम से भी जाना जाता है। नाबार्ड के सहयोग से गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की एफपीओ कंपनी द्वारा नवाचार करते हुए मोटे अनाज के प्रोडक्ट बनाए हैं जिन्हें अलग-अलग प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाओं द्वारा मार्केटिंग किया जा रहा है। महिलाओं ने अपना स्वयं का मिल्ट शक्ति आउटलेट भी ओपन किया है। जिसके माध्यम से प्रतिदिन ऑनलाइन ऑफलाइन प्रोडक्ट बेचे जा रहे हैं।

# ग्राम सभा में सामाजिक अंकेक्षण टीम के विरोध में प्रस्ताव पास कर ब्लेक लिस्ट करने की मांग की

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



कठूमर। राजीव गांधी सेवा केंद्र ग्राम पंचायत पर सामाजिक अंकेक्षण हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन सरपंच शेरसिंह मीणा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सामाजिक अंकेक्षण टीम के विरोध में प्रस्ताव पास कर ब्लेक लिस्ट करने की मांग की।ग्राम विकास अधिकारी श्यामसुंदर गर्ग ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण में लगे हुए ब्लाक संसाधन व्यक्ति द्वारा पूर्व में अमर्यादित भाषा बोलने और ग्राम संसाधन व्यक्ति अनुपस्थित रहने पर उच्चाधिकारियो को पत्र लिखे गये। ग्रामसभा का कोरम वास्तविक रूप से पूरा रहा।सामाजिक अंकेक्षण में लगे इस ग्राम पंचायत ग्राम में संसाधन व्यक्ति एवं ब्लाक संसाधन व्यक्तियों को ब्लैक लिस्ट कराए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लेकर रिपोर्ट निदेशक सामाजिक लेखा परीक्षा जबाबदेही एवं पारदर्शी सोसाइटी जयपुर एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अलवर, विकास अधिकारी पंचायत समिति कठूमर को प्रस्ताव भेज दिया गया। वही गांव के लोगों ने ग्राम सभा में सरपंच के कराए गए विकास कार्यो की सराहना की और सामाजिक अंकेक्षण में लगे व्यक्तियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लेने पर सहमति प्रदान की इस मौके पर बैठक में पंचायत समिति कठूमर के सहायक विकास अधिकारी महेश चंद शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी श्यामसुंदर गर्ग, सुनील बजाज, जाटव समाज अध्यक्ष महेश होंडा, विजय लाठकी, रामबाबू शर्मा, गुलाब ठेकेदार,जीतेंद्र चौधरी,केदार शर्मा,मोहन खंडेलवाल,वीरेन्द्र, दुलीचंद, संतोष विजेंद्र चौधरी, उप सरपंच प्रतिनिधि श्याम सुंदर, खिच्चूराम, समस्त वार्ड पंच , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका, साथिन आदि उपस्थित रही।

# विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर। बड़ौदाकान में स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल द्वारा वार्षिकोत्सव एक महत्वपूर्ण त्योहार की तरह मनाया जाता रहा है । इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया । समारोह का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया । इस कार्यक्रम में कक्षा छठीं से बारहवीं के छात्रों एवम छात्राओं ने भाग लिया । समारोह के मुख्य अतिथि विधायक पुत्र अमिताभ बैरवा रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेन्द्र कुशवाह डिप्टी डायरेक्टर जयपुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच बिरमा देवी, पीसीसी सदस्य पिंकू शर्मा , जगराम वैध जी ,सीबीईओ उमेश उपस्थित रहे ।मॉडल स्कूल प्रधानाचार्य रजनीश व्यास ने बताया कि राज्य सरकार के निदेशों की अनुपालना में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण एवम भामाशाह सम्मान समारोह विद्यालय प्रांगण में किया गया । जिसमे स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड सना पंवार को दिया गया । बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर का अवार्ड सुरेंद्र शर्मा को दिया गया जिन्होंने 18वी राष्ट्रीय जंबूरी में कठूमर ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया था । राजीव को बेस्ट इनोवेटिव टीचर ऑफ द ईयर दिया गया।व्यास ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है । इसलिए समुदाय के प्रत्येक बालक बालिका को शिक्षा प्राप्ति के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए । शिक्षा प्राप्ति में अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है । वार्षिक उत्सव समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने विभिन्न शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विद्यालय परिवार के सदस्य , ग्रामवासी तथा अभिभावकों का पूर्ण सहयोग रहा ।

# ओबीसी अधिकार मंच राजस्थान की कार्यकारिणी विस्तार

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

बांसवाड़ाः ओबीसी अधिकार मंच राजस्थान ने अपनी प्रदेश स्तरीय कार्यकारणी विस्तार करते हुए संरक्षक नाथूलाल पाटीदार की अनुशंसा से मंच के संयोजक डा नरेश पटेल ने विभिन्न जिलो के तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्तियां प्रदान की । नियुक्तियों में उदयपुर जिले की ऋषभदेव तहसील अध्यक्ष पद पर संजय पंचाल, डूंगरपुर जिले की बिछीवाड़ा तहसील अध्यक्ष पद पर विरेंद्र पटेल, सिरोही जिले की देलदर तहसील अध्यक्ष पद पर प्रवीण टॉक को नियुक्त किया। नियुक्ति पत्र के साथ ही तहसील कार्यकारणी विस्तार करने के लिए निर्देशित किया गया। ओबीसी अधिकार मंच राजस्थान लंबे समय से जातिगत जनगणना, टीएसपी में ओबीसी को आरक्षण दिए जाने की, राज्य में ओबीसी को मिलने वाली उम्र तथा प्रतिशत की छूट टीएसपी में दिए जाने की, तमिलनाडु की तर्ज पर ओबीसी में क्रीमी लेयर व्यवस्था समाप्त करने की, उच्च पदों पर ओबीसी का प्रतिनिधित्व लगभग नगण्य हैं इसलिए मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर ओबीसी को पद्दोनती में आरक्षण दिया जाने की, ओबीसी के छात्रों लिए जिला स्तर पर छात्रावास की कोई सुविधा नहीं है इसलिए जिला मुख्यालय पर हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराई जाने की, जनसंख्या के अनुपात में सरकारी और निजी क्षेत्र में आरक्षण दिए जाने की, भूमिहीन ओबीसी किसानों को खेती के लिए जमीन आवंटन किए जाने की, ओबीसी वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए ओबीसी आयोग बनाए जाने, राज्य की ओबीसी सूची में आने वाली समस्त जातियों को केंद्र की ओबीसी सूची में रखने, विधानसभा तथा लोकसभा में ओबीसी के लिए जनसंख्या के अनुपात में सीटे आरक्षित करने, राजनीतिक दलों में ओबीसी को उचित प्रतिनिधित्व देने, ओबीसी रोस्टर अपडेट किया जाने की, वेटिंग लिस्ट में कैटेगरी वाइस चयन किए जाने जैसी मांगो को लेकर आंदोलन कर रहा हैं।



विरेन्द्र पटेल बिछीवाड़ा तहसील अध्यक्ष

## मामा बालेश्वर दयाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशलगढ़ में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढः स्व.मामा बालेश्वर दयाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशलगढ़ में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने मतदाता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को धर्म,जाति,वर्ग,समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना स्वविवेक से चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलवाई तथा मतदाता सूची में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु प्रेरित किया। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत आयोजित निबन्ध, पोस्टर,रंगोली,स्लोगन प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।महाविद्यालय के मतदाता सूची में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में सहयोग करने वाले विद्यार्थियों को वोटर-मित्र के रुप में उपखण्ड स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों सहित सहायक आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री कन्हैयालाल खाँट ने किया तथा आभार श्री नरेन्द्र कुमार मकवाना ने व्यक्त किया। ये जानकारी प्राचार्य स्व.मामा बालेश्वर दयाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशलगढ़ ने दी।

# डिप्टी सीएम का दुखा दिल, जानें अमेठी जिला अस्पताल की वायरल फोटो की कहानी

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले का जिला अस्पताल एक बार फिर चर्चा में आ गया है।अस्पताल में इलाज के लिए एक बुजुर्ग की फोटो वायरल हुई है।फोटो वायरल होने के बाद सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का दिल को दुख पहुंचा है।सीएमओ से जिला अस्पताल के सीएमएस को स्पष्टीकरण देने के साथ पूरे मामले पर जवाब मांगा है।डिप्टी सीएम के ट्वीट के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। मामला गौरीगंज जिला मुख्यालय स्थित मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय का है।रविवार को यहां एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। वायरल फोटो में जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए आए एक बुजुर्ग महिला अपने बेटे को कंधे पर लादकर ले जा रही है।इसकी फोटो खींच कर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।आरोप है कि यहां पर बुजुर्ग महिला को स्ट्रेचर नहीं मिला,जिसके बाद ये नौबत आ गई। फोटो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री व डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा की गौरीगंज जिला अस्पताल में स्ट्रेचर ना मिलने पर बुजुर्ग मां बेटे को कंधे पर लाद कर इलाज के लिए ले जा रही है।खबर का संज्ञान लेते हुए मेरे द्वारा अमेठी सीएमओ-सीएमएस को निर्देश दिए गए हैं।साथ ही एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण प्राप्त कर पूरी रिपोर्ट मेरे कार्यालय भेजा जाए। वायरल फोटो और डिप्टी सीएम के आदेश पर सीएमओ डॉ. विमलेंद्र शेखर ने बताया कि जिला अस्पताल में एक फोटो वायरल का मामला संज्ञान में आया है। इस मामले की जांच की जा रही है।साथ ही जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. बद्री अग्रवाल से पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।साथ ही यह कड़े निर्देश दिए गए हैं कि मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत जिला अस्पताल में ना हो।इसके लिए किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही ना की जाए। सूत्रों से खबर है कि जिला अस्पताल में ये कोई नई बात नहीं।ऐसा यहां रोज होता है।फोटो वायरल हो गई तो सच्चाई सामने आ गई।

## एसडीएम ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान करने की दिलाई शपथ

**मरूधर विशेष/दिनेश लेखी**



कठूमर। पंचायत समिति परिसर में बुधवार को 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया । रिमांशु शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर ने मतदाताओं को निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान करने व वोट अवश्य डालने की शपथ दिलवाई। इस मौके पर उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर , विकास अधिकारी यशवंत शर्मा, प्रताप राणा, कमल सिंह चौधरी, हेमंत शर्मा योगेश अवस्थी, मनोज भारद्वाज रिमांशु शर्मा ,शिब्बो राम पीटी आई , संदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश जिला रायबरेली सलोन मिनी स्टेडियम सलोन में छटा मिस्बा क्रिकेट मेमोरियल टूनार्मेट का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सलोन अमित सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



टास जीत कर प्रतापगढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी किया। उद्घाटन मैच प्रतापगढ़ व रेहुवा लालगंज की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें 4 विकेट खोकर 175 का लच्छ का पीछा करते हुए रेहुवआ लालगंज टीम अपने सारे विकेट खोते हुए 109 रन पर आल आउट हो गई 66रनो के अंतराल से प्रतापगढ़ टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। इस टूनार्मेंट के मैन ऑफ द मैच 45 रन बनाने वाले सौरभ रहे। जिसको कमेटी ने पुरस्कृत किया ।। टूनार्मेंट में मुख रुप से कोतवाल बृजेश कुमार राय। आयोजक मंसूर जाफरी , पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतराम पासी, चंद्रशेखर रस्तोगी, इरफान सिद्दीकी, सुनील साहू, मुर्शल सिद्दीकी, गुड्डू राइनी, जैद खान मेवाती, सहनवाज चौधरी, चौधरी सऊद, इसरार हैदर, कसीम सिद्दीकी, तनवीर अहमद, शरीफ गड्डी, समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी के थाना जायस पुलिस नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत 500 ग्राम स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपया) के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**




जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्लनशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत दिनांक 25.01.2023 को उ0नि0 राजेश कुमार थाना जायस मय हमराही व हे0का0 नरेन्द्र मिश्र स्वाट टीम जनपद अमेठी मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त मुकेश सिंह उर्फ डब्बू सिंह पुत्र संतोष सिंह नि0 कोरारी हरिशाह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को रायबरेली गौरीगंज मार्ग अरशदपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 500 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## न्यू बाल विद्या भवन प्राथमिक विद्यालय कुशलगढ़ में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशालगढः आज बुधवार को न्यू बाल विद्या भवन प्राथमिक विद्यालय बायपास रोड कुशलगढ़ में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन उत्सव के रूप में किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान तेजपाल सिंह जादव ने कहा कि हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं हमें मतदान करना चाहिए और एक जागरूक मतदाता होने के नाते निर्भीक होकर बिना किसी दबाव के,बिना लोभ लालच के स्वतंत्र रूप से हमें अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था प्रधान ने अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ भी दिलवाई।इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र/छात्रा उपस्थित थे। स्टाफ में राजेंद्र प्रजापत, महेश कुमार खड़िया, मनीष घोती, धूलसिंह दामा,आयुषी राठौड़, सीमा प्रजापत,तनीषा प्रजापत, मोनिका प्रजापत,पूजा प्रजापत, तयबाह सिंधी, सुशीला डामोर,संगीता सोनी, दिव्या सेन, कविता सोनी आदि विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन नरसिंह देवदा ने किया।



## जन जन की यह पुकार है, मुंडावर में नहर की दरकार है

**मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में घटते जल स्तर और बंजर होते खेत के दर्द को समझते हुए पूर्व प्रधान रोहिताश्व चौधरी ग्राम वासियों को 6 फरवरी को मुंडावर में आने का न्योता देने पदमादा कलां, पदमादा खुर्द, बापडोली, माजरी खोला, छापुर, धोकल नगर, कोकावास, झझहरपुर, हातुंडी, जलपिवास, गोपीपुरा, श्री कृष्णा नगर मैनपुर बास, सियाखोह पहुंच कर पीले चावल बांटे ,गावों में लोगों ने उत्साह दिखाया। विदित रहे की नहर के लिए पद यात्रा के बाद रोहिताश चौधरी अपने साथियों के साथ अब बजट से पूर्व नहर की मांग को मजबूती प्रदान करने के लिए 06 फरवरी को पूर्व सांसद युवरानी महेंद्रा कुमारी के जन्म दिवस पर मुंडावर पंचायत समिति के प्रांगण में विशाल रैली का आयोजन कर रहे है। सभा को सफल बनाने के लिए रोहिताश्व चौधरी, अखिलेश कौशिक एडवोकेट, रामावतार चौधरी, गोकल लंबरदार, ताहिर खान, रमेश सैन, मोहित जिंदल, मुबीन, तेजपाल सहित गांवों में पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने रैली में पहुंचने के लिए अपने कुल देवता की शपथ लेकर घरपति आने का भरोसा दिया।

## 13 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - भारतीय निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी द्वारा कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 13 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय उपखंड अधिकारी राहुल सैनी रहे। समारोह के दौरान विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों व सुपरवाइजर को बुधवार को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बावड़ी में कार्यरत बीएलओ दिनेश कुमार, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मोरोडी में कार्यरत बीएलओ गिर्राज प्रसाद, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाढ़भाव सिंह में कार्यरत बीएलओ सरजीत सिंह, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाणी कानूगा वाली में कार्यरत बीएलओ धूणा लाल सैनी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर में कार्यरत बीएलओ भूपेश कुमार यादव, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बानसूर में कार्यरत बीएलओ रमेश चन्द, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बानसूर में कार्यरत बीएलओ विक्रम सैन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव में कार्यरत बीएलओ सेवाराम धानका, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नारायणपुर में कार्यरत बीएलओ बल्लूराम मीणा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरूड़ी में कार्यरत बीएलओ रतन सिंह यादव व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महनपुर में कार्यरत ब्लॉक सुपरवाइजर प्रदीप कुमार सैनी को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज सिंह शेखावत, स्थानीय विद्यालय प्राचार्य सहित बीएलओ, सुपरवाइजर व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## गणतंत्र दिवस पर बानसूर में होंगे कई कार्यक्रम

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - कस्बे में उपखंड स्तरीय गणतंत्रता दिवस समारोह 2023 के मुख्य समारोह का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरसोरा रोड बानसूर में किया जावेगा। इस दौरान उपखंड अधिकारी बानसूर के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। साथ ही परेड की सलामी ली जावेगी। समारोह में विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भामाशाह व दानदाताओं एवं विशिष्ट व्यक्तियों तथा प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रशासन के द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिकारी,कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं व 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले विद्यार्थियों के द्वारा रक्तदान किया जावेगा। कार्यक्रम के पश्चात उपखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारीयों, जनप्रतिनिधियों व पत्रकारो के मध्य फ्रेंडली वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा।

## टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी।**



कठूमर। नगर अलवर रोड स्थित चिरावल गुर्जर गांव के पास बुधवार को टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से कार में सवार दो लोगों की मौत अन्य घायलों को भरतपुर रैफर किया गया।जानकारी के अनुसार राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगर तक सभी घायलों को लाने में वहां से निकल रही भाजपा महिला जिलाध्यक्ष हंसिका गुर्जर ने अपनी गाड़ी से पहुँचाया। सभी लोग गाँव मैंथना कठूमर के रहने वाले है। कार में सवार एक महिला एक पुरुष एवं दो अन्य लोग सवार थे वही उपचार के दौरान चिकित्सको ने एक महिला सरस्वती व एक पुरुष लखन को मृत घोषित कर दिया। वही अन्य दो गम्भीर घायलों को जिला अस्पताल भरतपुर के लिए रैफर कर दिया।

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**



कामा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान के नेतृत्व में राष्ट्र मतदाता दिवस राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाना में बूथ संख्या 218 पर समारोह आयोजित किया गया समारोह बीएलओ कनक सिंह की अध्यक्षता में किया गया।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ने बताया कि पूरे देश में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है आज गांव ढाना के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाना में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया जिसमें राष्ट्रहित में निष्पक्ष मतदान करने की शपथ ली इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान बच्चू शर्मा विधानसभा विस्तारक सहित समस्त अध्यापक गण सभी बच्चे भाजपा बूथ अध्यक्ष शाहिद खान सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

## तिजारा अगस्त किड्स स्कूल में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**



तिजारा कस्बे के अगस्त किडस स्कूल में आज बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर श्रीमती आशु जैन एवं स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए श्रीमती आशू जैन ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत पंचमी हमारे देश का महत्वपूर्ण उत्सव है जिसका मुख्य लक्ष्य मां सरस्वती के चरणों में विद्या का वरदान प्राप्त करना है इस अवसर पर जूनियर क्लास के बच्चों के लिए यह येलो डे का आयोजन किया गया मौके पर पीले रंग के परिधानों में सजे बच्चों को इस रंग की बारीकियों एवं खूबियों के बारे में विस्तार से बताएगा बताया गया गणतंत्र दिवस के पूर्व दिवस पर बच्चों ने देश भक्ति एवं लोकगीतों पर आधारित डांस कंपटीशन में भाग लिया। जिसमें सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर बच्चों सहित अभिभावक एवं स्टाफ मौजूद रहे

# अराई के मॉडल विधालय में उमंग 2023 का हुआ भव्य आयोजन

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई,उपखंड अराई अवस्थित सी बी एस ई आधारित अंग्रेजी माध्यम के संस्थान स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय अराई मे रंगारंग वार्षिकोत्सव - भामाशाह सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह- उमंग 2023 का भव्य आयोजन हुआ।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सीता देवी पूनिया प्रधान पंचायत समिति अराई की गरिमामयी उपस्तिथि रही। विशिष्ट अतिथि के रुप में रामस्वरुप नायक सरपंच ग्राम पंचायत अराई, जिला परिषद सदस्य नाथू नुवाद,हनुमान प्रसाद बैरवा,तहसीलदार अराई, प्रेमचंद अजमेरा , सी.बी.ई.ओ.अराई,आर.पी.रामधन कोठारी,एस.डी.एम.सी.के विधायक प्रतिनिधि सी.के.पोरवाल,आध्यात्मिक गुरु राम प्रकाश रामस्नेही, वार्ड पंच बद्री प्रसाद,अराई महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष महेंद्र भामु ,उपाध्यक्ष सरोज मेघवंशी,समाज सेवी जीतराम धायल आदि अनेक मेहमान एवं भामाशाह गणों ने समारोह में शिरकत की।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मॉडल प्रधानाचार्य बजरंग लाल देहरु ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा बताया कि विद्यालय के सुसज्जित एवं बेहतरीन सुमधुर ध्वनियों से युक्त बैंड द्वारा शाला के मुख्य द्वार पर सभी अतिथियों का एवं अभिभावक गणों का स्वागत रूप में अगवानी कर मंच तक लाया गया । कार्यक्रम का आगाज श्री गणेश वंदना एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक अभिनव और नायाब सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ जिसमें राजस्थानी,आध्यात्मिक संगीत ,ड्रामा, समाज को चेतना संदेश देने हेतु सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर लघु नाटिका,समसामयिक ज्वलंत मुद्दों पर बेहतरीन गायन एवं नृत्य प्रस्तुत कर पांडाल मे उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल के द्वारा सर्वोत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में गणित अध्यापिका अंशु अग्रवाल द्वारा संयोजित कक्षा 8 (अ) के समूह केशवम अच्युतम नृत्य का चयन कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दरमियान गत एवं वर्तमान सत्र में मॉडल विद्यालय की शैक्षिक एवं प्रशैक्षिक- खेल एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट विद्यार्थी एवं खेल प्रतिभागियों का चयन कर पुरस्कृत किया गया । जिसमें बोर्ड क्लास 10 के टॉपर रचित सिंह राजपुरोहित,राहुल सिंह राजपुरोहित एवं उदयन सक्सेना रहे तथा क्लास 12 के टॉपर धर्मराज चौधरी एवं शैलेंद्र सिंह को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया गया। खेलों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी वर्ग में तमन्ना अंजुम एवं रामदेव धोबी को,निशानेबाजी में सोना भादा ,अमन जाट और दिलकुश सेन को,एथलेटिक्स में लेखराज बैरवा आदि उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पारितोषिक और प्रमाण पत्र दिया गया।विभिन्न खेलों में जिला,राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को ले जाने पर स्थानीय अध्यापकगण को कोच रूप मे टीम के साथ सम्मानित किया गया ।

इसी प्रकार विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंस्पायर अवार्ड में कक्षा 9 की छात्राएं कीर्ति जैन और अनुष्का सिंह बम्बेरवाल का चयन होने पर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया। स्टूडेंट ऑफ ईयर का पुरस्कार हेतु कक्षा बारहवीं की छात्रा तमन्ना अंजुम का चयन किया गया।उप प्रधानाचार्य धीरज कुमार ने आगंतुक सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम का सफल संचालन सुमेर सिंह बम्बेरवाल,अनुराधा शर्मा एवं मोहम्मद इमरान किया ।

# एसबीआई बैंक का एटीएम चोरी किया नकाबपोश बदमाशो ने, खाली एटीएम हुआ बरामद

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई ,कस्बे के पॉवर हाऊस चौराहा स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा अराईं के एटीएम को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया।बदमाश बैंक के एटीएम को उखाड़कर 31 लाख 65 हजार रुपये लेकर फरार हो गए । अराई पुलिस की रात्री गस्त के बावजूद बदमाशों ने केम्पर पिकअप गाड़ी में एटीएम तोड़ कर ले जाने की वारदात को अंजाम दिया।घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा,थाना प्रभारी गुमानसिंह , साईबर क्राइम ब्रांच टीम,एफ.एस.एल टीम व पुलिस अधीक्षक अजमेर की कार्यप्रणाली शाखा की टीम ने मौके पर पहुंकर मामले की जानकारी ली एवं फुट मार्क लेकर जांच शुरू की।वारदात घटित होने के बाद पुलिस ने जिले भर में नाकाबंदी कराई । और देर शाम आंटोली बीड में खाली एटीएम पड़ा मिला जिसको पुलिस ने बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार तीन संदिग्ध बदमाश केम्पर वाहन लेकर आज रात्री करीब 2 बजकर 40 मिनिट पर यहां के बस स्टैण्ड से एक किलोमीटर दूर पॉवर हाऊस चौराहा पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक पहुंचे एंव बैंक के बाहर स्थापित एटीएम को उखाडा और वाहन में डालकर ले गए बताया गया कि वाहन में चालक सहित चार लोग शामिल थे।बदमाशों ने सबसे पहले बैंक में लगे सी.सी. केमरों को काले रंग से पोत डाला और केमरों के तार काटकर एटीएम मशीन को लोहे की जंजीर बांधकर केम्पर वाहन से रवींचा जिससे मशीन उखड़ गई। नकदी सहित एटीएम मशीन को वाहन में डालकर फरार हो गए ।समीप ही लगे सी.सी कैमरे में संदिग्ध लोगों के धुंधले फुटेज भी नजर आए बताया गया कि शातिराना अंदाज में वारदात करने में बदमाशों को मात्र 8 मिनिट लगे।उधर जानकारी मिली की अराई पुलिस थाना प्रभारी गुमान सिंह रात्री में गस्त करते हुए यहां पॉवर हाऊस चौराहा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप करीब 2 बजकर 15 मिनिट पर पहुंचे वहा थाना प्रभारी ने देखा कि एक वेन जिसमें चार लोग बैठे हुए थे मामले को संदिग्ध मानकर वेन को रुकवाने का प्रयास किया परन्तु वैन चालक ने रोकने बजाय भागने का प्रयास किया।पुलिस ने भी वेन का पीछा किया और भोगादीत गांव के समीप वेन में सवार लोगों को धरदबोचा और उनसे पूछताछ की और उन्हें थाने लेकर आ गए।पुलिस उन संदिग्ध लोगों के पीछे दौड रही थी और उधर अज्ञात बदमाशों 2 बजकर 40 मिनट पर एटीएम को उखाड़ ले जाने में कामयाब हो गए।पुलिस इस दिशा में ध्यान केन्द्रित कर मामले की जांच कर रही है।थाना प्रभारी गुमान सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी जिला पुलिस के उच्चाधिकारी को देकर नाकाबंदी की कार्यवाही की गई।सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा मंगलवार को मौके पर पहुंचे एवं घटना की जानकारी लेते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेहरड़ा ने पत्रकारों को बताया कि आस-पास में लगे सीसी केमरों से फुटेज के आधार पर जांच कर संदिग्ध बदमाशों का सुराग लगाने के प्रयास किए जा रहे है वही उन्होंने बैंक के सामने स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर के बाहर सीसी कैमरे लगाने की उपस्थित लोगों से अपील की।दूसरी ओर साईबर क्राईम टीम व एफएसएल टीम ने फुट मार्क लेकर जांच शुरू की है। गौरतलब है कि टाईगर 4 इंडिया कम्पनी ले एटीएम की सुरक्षा के व रखवाली करने के लिए अराईं निवासी जसवंत मीणा नामक व्यक्ति को चौकीदार के रूप में नियुक्त कर रखा है परन्तु केयर टेकर जसवंत मीणा वारदात के दौरान ड्यूटी से नदारद था जिसे गम्भीता से लिया गया है।कंपनी के सीनियर गॉर्ड इंचार्ज ओमप्रकाश यादव ने बताया कि बिना सूचित करे ड्यूटी से गायब रहना गम्भीर मामला है जिसकी जांच कर चौकीदार के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सोचना इस बात का है कि बैंक शाखा के पास रहने वाले लोगों का घटना की भनक तक नहीं लगी।लोग गहरी नींद में सोए हुए थे और घटना घटित हो गई।लोगो ने बताया कि वर्ष 2015-16 में भी अज्ञात चोरों ने इस एटीएम में चोरी का प्रयास किया था लेकिन सफल नहीं हो सके भारतीय स्टेट बैंक से संबंधित ईएसआई कंपनी के इंचार्ज निरंजन सिंह ने बताया कि एटीएम से 31 लाख 65 हजार रुपए अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गए हैं। निरंजन सिंह की रिपोर्ट पर अराईं पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं देर शाम खाली एटीएम को बरामद कर लिया है । मामले की जांच अराईं पुलिस थाना प्रभारी गुमान सिंह कर रहे हैं।

**अजीब संयोग**

अराईं। भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को उखाड़ कर लाखों रुपए ले जाने की घटना के दौरान एक अजीब संयोग रहा जो पुलिस व लोगों के लिए चर्चा का विषय रहा।हुआ यूं कि रात्रि में करीब 2 बजकर25 मिनट पर बैंक के एटीएम के सामने से एक वेन दो बार गुजरी पुलिस गश्त के दौरान थाना प्रभारी गुमान सिंह को शंका हुई उन्होंने वेन को रुकने का इशारा किया लेकिन चालक ने रोकने के बजाय गाड़ी को तेज दौड़ा दी जिसका पुलिस ने पीछा कर समीपवर्ती भोगादीत गांव के पास वैन में बैठे लोगों को दबोच लिया और थाना लाकर पूछताछ की।पुलिस संदिग्ध लोगों के पीछे दौड़ रही थी और करीब रात्रि 2बजकर 40 मिनट पर एटीएम उखाड़ कर ले जाने की वारदात घटित हो गई। पुलिस इस दिशा में ध्यान केंद्रित कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने में जुटी है।

# तंबाकू का सेवन नहीं करने को लेकर रैली के माध्यम से किया जागरूक

### तंबाकू मुक्त अलवर टोबैको फ्री अभियान के तहत स्कूली बच्चों, चिकित्साकर्मियों ने निकाली हजारों बच्चों ने स्लोगन लिखी तकिया लेकर मुख्य मार्गो से होती हुई एसडीएम कार्यालय पहुंची जागरूकता रैली

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



नीमराना /कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से सीएचसी परिसर तक तंबाकू के दुष्परिणाम को लेकर स्कूली बच्चों एवं चिकित्सा कर्मियों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। तंबाकू मुक्त अभियान के तहत रैली को उपखंड अधिकारी मुकुट सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।रैली में करीबन 1हजार स्कूली बच्चे,आशा सहयोगिनी एवं चिकित्साकर्मियों की मौजूदगी में कस्बे के प्रमुख मार्गो से रैली निकाली गई। रैली के दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा तंबाकू का सेवन न करने एवं तंबाकू के दुष्परिणाम को लेकर स्लोगन लिखी तख्तियां व नारों के साथ प्रमुख मार्गो से निकाली गई।उपखंड अधिकारी मुकुट सिंह एवं ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गजराज सिंह के द्वारा स्कूली बच्चों एवं आशा सहयोगिनी चिकित्सा कर्मियों को तंबाकू मुक्त अभियान में शपथ दिलाई गई कि तंबाकू का सेवन न करने की एवं आसपास के लोगों को तंबाकू का सेवन न करने को लेकर जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मुकुट सिंह, ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गजराज सिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सरिता यादव, सीडीपीओ राजकुमार यादव,घिलोट इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव राजा सोनी,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल करम सिंह यादव राजकीय महात्मा गांधी स्कूल के शारीरिक शिक्षक सत्यवीर यादव,बीपीएम नरेंद्र चौहान एएनएम सविता रेवाड़िया, सतीश कुमार,रवि कुमार यादव, मंजू मीणा, सचिन मेहरिया,व्याख्याता सुरेश गुर्जर, सुनील यादव, अरुणा यादव, कपिल यादव सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक,स्कूली बच्चे एवं चिकित्साकर्मी मौजूद रहे।

## रा उ मा विद्यालय सरेड़ी बड़ी मैं स्वेटर वितरण का कार्यक्रम

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ा : राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरेड़ी बड़ी पंचायत समिति गढ़ी विद्यालय मैं स्वेटर वितरण का कार्यक्रम बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सरेडी बड़ी के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद भीमवाल शाखा प्रबंधक रहे। विशिष्ट अतिथि आकाश मल्होत्रा अक्षय त्यागी रविंद्र जी लंबे, मिथुन चौधरी, सुश्री दीपिका पारीक रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान संजय जी सेवक ने की। अतिथियों के उद्बोधन के बाद स्वेटर वितरण कार्यक्रम किया गया। बैंक मैनेजर ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करना जरूरी है। कार्यक्रम में मनोहर जोशी, लोकेश रावल, शांतिलाल बुनकर हर्षवर्धन सिंह, जयप्रकाश पंचोरी अभय सिंह अजीत जी, श्रीमति मीनाक्षी भट्ट, श्रीमति देवांगना पाठक, श्रीमति प्रेमलता सुथार, यासमीन जमाल,का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन राजेश व्यास ने किया व आभार प्रदीप पाठक ने व्यक्त किया।

## सामाजिक अंकेक्षण कार्य का हुआ समापन

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**



अराई,ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेह एवं पारदर्शिता सोसायटी (ररअअळ) जयपुर के निदेर्शानुसार सामाजिक अरुण वितीय वर्ष 2020 - 2021,2021- 2022, 2022-2023 छ. माही का 'सामाजिक अंकेक्षण किया गया पंचायत समिति अराई-ग्राम पंचायत सान्दोलियां में दिनांक 19-01-2023 से 25-01-2023 तक समापन हुआ जिसमें मनरेगा कार्यो, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिड डे मील, रइट 15 वां वित्त आयोग आदि योजनायों के कार्यो का सामाजिक अंकेक्षण 22-23 को ग्राम सभा का आयोजन हुआ जिसमें उपस्थिति दल द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया जिसका समापन दिनांक के प्रभारी लक्ष्मण सिंह चौधरी, सरपंच प्रेम देवी चांगल, पूर्व सरपंच-रामराज चांगल ग्राम सान्दौलियां सामाजिक अंकेक्षण दल बीआरपी नन्दकिशोर बैरवा बीआरपी - प्रीतम इंदर, सरोज जाट, नन्दनी चौधरी सरोज दरोगा ग्राम विकास अधिकारी- हरि सिंह, कनिष्ठ सहायक अभियंता-सांवरलाल ,भरत कुमार वैष्णव, भाजपा मंडल अराई पूर्व उपाध्यक्ष- पंचायत सहायक . किशन सिंह राठोड, सरपंच ग्राम पंचायत भगवन्तपुरा- रामसिंह चौधरी समस्त वार्डपंचगण, अठट- मनराज कुमारी गुर्जर, उप सरपंच- रामराज जाट ग्राम साथिन-ममता देवी, आगनबाडी कार्यकर्ता - पुष्पादेवी, गोगन देवी, लक्ष्मी आशा सहयोगिनी स्नेहलता पारीक एवं समस्त ग्रामवासी सांदौलिया व सोल बीआरपी नन्द किशोर बैरवा प्रपत्र 8. ढटअ , रइट, 154) वित आयोग 8. आय व्यय का ब्यौरा का विस्तार रूप से समझ पढ़कर सुनाया और मनरेगा कार्यों के बारे में श्रमिकों के पांच हक के बारे में बताया सान्दोलियां ग्राम पंचायत के कच्चे पक्के कार्यों के विकास को देखकर 3. किशोर बैरवा ने सराहना की और मनरेगा में मजदूर हाथों से कार्य रहे थे उनकी भी सराहना की सामाजिक अंकेक्षण प्रभारी लक्ष्मण सिंह चौधरी ने सभी प्रपत्रों को पढ़कर सुनाने पर बीआरपी 3. किशोर बैरवा की सराहना की है सभी कार्यों को विस्तृत रूप से सुनाया।

## विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर जयपुर के तत्वधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का किया आयोजन

**मरूधर विशेष/गोविंद सिंह नाथावत**



राजकीय कन्या महाविद्यालय विद्याधर नगर में आज दिनांक 25.01.2023 को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर (050) जयपुर के तत्वधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में वॉल पेटिंग एंव रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ अलका त्रिपाठी द्वारा विद्यार्थियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एंव शांतिपूर्ण मताधिकार प्रयोग करने की शपथ दिलवाई।

## हिम्मत सिंह राठौड़ के नेर्तत्व में दूसरी साल लगातार 1100 फीट विशाल तिरंगा यात्रा जाएगी निकाली

**मरूधर विशेष/गोविंद सिंह नाथावत**



आज राष्ट्रीय श्रीराम सेना भारत परिवार के राष्ट्रीय कार्यालय पधारे तिरंगा रैली की आयोजन समिति के पदाधिकारी श्रीराम डिफेंस से हिम्मत सिंह राठौड़, नादान सिंह शेखावत, उर्मिला राय जी शेर सिंह जी सिंगोद, शक्ति सिंह शेखावत साहब पधारे तिरंगा रैली का पोस्टर विमोचन किया गया, हिम्मत सिंह राठौड़ के नेर्तत्व में दूसरी साल लगातार 1100 फीट विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है जिसमे लाखो की संख्या में देश भक्त तिरंगे के सम्मान में 26 जनवरी को दोपहर 11 बजे से जनरल सगत सिंह जी सर्किल झारखंड महादेव से लेकर 206 बीघा गोकुलपूरा तक आएगी, राष्ट्रीय श्रीराम सेना सुप्रीमो ललित राठौड़ ने पूरे देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और राष्ट्रीय श्रीराम सेना भारत परिवार के साथ साथ सभी देशप्रेमियो को तिरंगा रैली में आमंत्रित किया।






Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256